卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 24 | अंक 23 | पृष्ठ 8 | रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | सोमवार | 30 अक्टूबर 2023 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in







# यूपी में लुटेरे का एनकाउंटर

**इंजीनियरिंग की छात्रा से की थी लूटपाट, छात्रा की रविवार को हुई थी मौत**

गाजियाबाद(उद ब्यूरो)। इंजीनियरिंग की छात्रा कीर्ति से मोबाइल लूटने और उसे ऑटो से खींचकर सड़क पर गिराने वाले बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू को पुलिस ने आज मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मामले में एक लुटेरे को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हापुड़ के पन्नापुरी में रहने वाले लोको पायलट रविंद्र सिंह की बेटी कीर्ति एबीईएस इंजीनियरिंग कालेज में बीटेक कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा थी। 27 अक्टूबर को शाम साढ़े चार बजे वह सहपाठी दीक्षा के साथ आटो से घर जा रही थी। रास्ते में हाईटेक कालेज के सामने करीब पौने पांच बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने कीर्ति के मोबाइल



पर झपट्टा मारा। उसके विरोध पर बाइक पर पीछे बैठे जितेंद्र ने उसे खींचकर आटो से गिरा दिया था और मोबाइल लूट के बाद दोनों फरार हो गए। सीधे सड़क पर सिर लगने और घिसटने से कीर्ति के ब्रेन में फ्रैक्चर हो गया था। कीर्ति की शनिवार को सर्जरी की गई थी। तभी से वह कोमा में थी। उसे नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। रविवार को उसका रक्तचाप ऊपर–नीचे होता रहा और आक्सीजन का स्तर भी घटा। चिकित्सकों का कहना है कि काफी प्रयास के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। इस मामले में एक लुटेरा शनिवार शाम भी एनकाउंटर में घायल हो चुका है। वह जेल में हैं। इस प्रकरण के सुर्खियों में आने बाद मामले में कार्रवाई करते हुए एक इंस्पेक्टर को निलंबित किया गया है। वहीं दो इंस्पेक्टर लाइन (शेष पृष्ठ सात पर)

# मंगलौर के विधायक सरवत करीम अंसारी का निधन

मंगलौर(उद संवाददाता)। मंगलौर विधानसभा के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी सरवत करीम अंसारी का निधन हो गया है। अंसारी के निधन से राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई ।शुक्रवार की देर शाम को विधायक सरवत करीम



अंसारी को ऑक्सीजन लेवल डाउन होने पर मंगलौर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था, लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ने पर शुक्रवार की रात को ही उन्हें दिल्ली के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। जहां पिछले दो दिनों से उनका ऑक्सीजन लेवल डाउन था। इसलिए चिकित्सकों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रखा हुआ था। यहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह उनका निध न हो गया। वह दो बार से मंगलौर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी से विधायक रह चुके हैं। हाजी सरवत करीम अंसारी उत्तराखंड में कांग्रेस सरकार के दौरान केबेनिट मंत्री भी रह चुके हैं। उनके निधन की खबर के बाद से उनके मंगलौर स्थित उनके आवास पर समर्थकों की भारी भीड़ जुट गई है। वहीं विधायक करीब अंसारी के निधन की खबर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने (शेष पृष्ठ सात पर)






# नशे में रिकवरी करने पहुंचा बैंक मैनेजर,भीड़ देख पेंट में कर दी शौच

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक बैंक मैनेजर नशे में रिकवरी करने के लिए कर्जदार के घर पहुंच गया। जिसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया। गुस्साए लोगों ने बैंक मैनेजर को घेर लिया जिससे घबराये बैंक मैनेजर ने पैंट में ही शौच कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार साल 2013–14 में तीनपानी निवासी प्रापर्टी डीलर ने भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र के एक निजी बैंक से 1.50 करोड़ का लोन लिया था, जो उन्होंने लौटा दिया था। बाद में उन्होंने फिर लोन के लिए अर्जी दी तो उनका रिकार्ड देखकर सही बैंक ने उन्हें फिर से एक करोड़ का लोन दे दिया। पुलिस के अनुसार कोरोना काल में प्रॉपर्टी डीलर का काम ठप हो गया और प्रापर्टी डीलर किश्त नहीं दे पाया। इस पर बैंक ने डीएम कार्यालय में कार्रवाई की अर्जी लगाई थी। बाद में बैंक ने प्रापर्टी डीलर के घर नोटिस चस्पा किया था। बैंक अधिकारियों व सुमित की आपसी सुलह हुई और रुपये देने की बात हुई। इधर शुक्रवार को बैंक मैनेजर नशे की हालत में तीन–चार कर्मचारियों के साथ प्रापर्टी डीलर के घर पहुंच गया। बताया गया है कि प्रापर्टी डीलर उस समय घर पर नहीं थे। आरोप है कि मैनेजर ने रुपये मांगते हुए महिलाओं से अभद्रता कर दी। हंगामा बढ़ा तो आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। लोगों की भीड़ जुटते ही घबराए मैनेजर ने पैंट में ही शौच कर दी। हंगामे की सूचना मिलने पर मंडी चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और मैनेजर को चौकी लाया गया। बाद में चालान कर उन्हें छोड़ दिया गया।

# ग्रामीण खिलाड़ी करेंगे देश का नाम रोशन: पांडेय

**दो दिवसीय एकल अभियान खेलकूद समारोह शुरू**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आज उद्धघाटन मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडेय, राष्ट्रीय पवन मिगलानी, संभाग अध्यक्ष हरीश बजाज, कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण राकेश सिंह आदि अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन का किया गया। जिसके पश्चात





से श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह का शुभारंभ किया गया। जिसका सेवक संघ वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल सिंह, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी एकल अभियान माधवेंद्र सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष चुघ, समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, विनय बत्रा,बलदेवराज छाबड़ा, कुशल अग्रवाल ,अंजुल त्यागी, शैली बंसल, भास्कर दास, प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई टीमों द्वारा मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी गई। अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

# डिजिटल क्रांति की दौड़ में पिछड़ता ‘उत्तराखण्ड’

**राज्य निर्माण के दो दशक के बाद भी उत्तराखंड का 60% पर्वतीय क्षेत्र नेटवर्क,विहीन बजट संबंधी तकनीकी कारण से रुका केंद्र सरकार का 4जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट, टावर स्थापना में बिजली बनी बाधा,ऊर्जा मंत्रालय को भेजा गया अतिरिक्त बजट स्वीकृति का प्रस्ताव**

– अर्श–

रूद्रपुर।भारत 5जी नेटवर्क की तकनीकी में सिद्ध हस्त होने के अब बाद 6जी नेटवर्क की तकनीकी में महारत हासिल करने की ओर कदम बढ़ा रहा है ,लेकिन डिजिटल क्रांति के इस दौर में भारत के एक पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के अधिकांश विकास खंड का तकरीबन 60 प्रतिशत हिस्सा अभी भी 4जी नेटवर्क का मोहताज है। सूबे के सुदूर पार्वतीय अंचलों में नेटवर्क की सुविधा न होने के कारण यहां के रहवासियों को तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भारत



सरकार की तकरीबन सभी जनकल्याणकारी योजनाएं एक के बाद एक डिजिटल होती जा रही है। ऐसे में उत्तराखंड के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र के गांव में निवास करने वाले ग्रामीण नेटवर्क के अभाव में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित हो जाते हैं। जिसकी वजह से उत्तराखंड केंद्र सरकार की शत प्रतिशत योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने में सफल नहीं हो पता और डिजिटल क्रांति के इस दौर में राज्य कहीं ना कहीं पिछड़ता नजर आता है। लिहाजा इस बात का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार किया रहा जा रहा था कि कब केंद्र सरकार इस पर्वतीय प्रदेश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक नेटवर्क का विस्तार करे ? और जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने संबंधी आमजन की दिक्कतें कुछ कम हो। काफी इंतजार के बाद उत्तराखंड को केंद्र सरकार के 4जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत सभी जिलों के सुदूर अंचलों में में 4जी टावर स्थापित होने की योजना का लाभ मिलने की आस बंधी थी ,लेकिन फिलहाल राज्य में 4जी नेटवर्क का जाल बिछाने के इस रास्ते में भी बिजली और बजट की तकनीकी अड़चन आन (शेष पृष्ठ सात पर)

# वाहन चोरों ने उड़ाई तीन बाईकें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के बाद भी महानगर में वाहन चोर पुलिस को चुनौतियां देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। अब वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटर साईकिलें चोरी कर पुलिस को फिर चुनौती दे दी है। सभी घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। मनोज कुमार दास पुत्र स्व. भूपाल चन्द्र दास निवासी ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 6 सितम्बर उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएन 8282 को घर के बाहर खडा कर खाना खाने गया। जब घर के बाहर आया तो उसकी बाईक वहां नहीं थी। वहीं नायब हुसैन पुत्र रफीक अहमद वार्ड न0 15, पहाडगंज ने रपट में कहा है कि उसकी मछली मार्केट रोड ट्रांजिट कैंप में गारमेंट की दुकान है। 22अक्टूबर को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एॅ4311अपनी दुकान के आगे सुबह 9 बजे लॉक लगाकर खड़ी की। रात्रि 8बजे उसकी मोटर साईकिल को दुकान के बाहर नहीं थी जिसे अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। इधर सर्वेश कुमार तिवारी पुत्र कामेश्वर तिवारी निवासी दुर्गा इन्कलेव तीन पानी डाम फलसुगा, ट्राजिट कैम्प का कहना है कि 23 अक्टूबर को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एटी 3058पर सवार होकर नवमी के अवसर पर सिडकुल स्थित वनशक्ति मंदिर पर भण्डारे के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुचा। मोटर साईकिल मंदिर के प्रागण में खड़ी कर लॉक लगा दिया। दोपहर जब वह वापस आने लगा तो उसकी मोटर साईकिल वहां नहीं थी जिसे अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने वाहन चोरी की तीनों घटनाओं की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सरकार के दबाव में कुछ नहीं कर रहे अधिकारी

## कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने उद्यान घोटाले की सीबीआई जांच का किया स्वागत
## बीजेपी विधायक नैनवाल पर लगाया झूठ बोलकर कोर्ट को गुमराह करने का आरोप





देहरादून(उद संवाददाता)। उद्यान विभाग में हुए भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इसी बीच कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि रानीखेत से बीजेपी विधायक प्रमोद नैनवाल ने झूठ बोलकर हाईकोर्ट को गुमराह किया है। उद्यान विभाग में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा है कि जिस तरह से रानीखेत से भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल ने खुद को बेकसूर बताया है वो परोक्ष रूप से उच्च न्यायालय का अपमान है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि नैनवाल अपनी कुक्कृतियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं अगर नैनवाल इतने ही पाक-साफ हैं तो फिर संगठन ने उन्हें मुख्यालय से प्रेस वार्ता करने की इजाजत क्यों नहीं दी और उन्हें एक निजी होटल से प्रेस वार्ता क्यों करनी पड़ी। गरिमा दसौनी ने उद्यान विभाग में हुए पौधा वितरण के घोटाले पर कहा की इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती की जनहित याचिका में मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल आर के सिंह को भी उच्च न्यायालय ने पार्टी बनाया था। जिसके जवाब में आर के सिंह द्वारा न्यायालय को को काउंटर एफिडेफिट कोर्ट में दिया गया। वहां पर कोर्ट को ये बताया गया कि उसने सतीश नैनवाल को मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी मिशन से 2402 पौधे एप्पल क्लोनल रूट स्टॉक के दिए। हैरानी की बात ये है कि प्रदेश में इस योजना में इसके एक पौधे की कीमत 465 रुपए है और मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी मिशन में 50% अंशदान विधायक के भाई का तो 50% अंशदान विभाग द्वारा दिया जाना था। लेकिन विधायक के भाई द्वारा दिए जाने वाले अंशदान तो दिया ही नहीं गया। इसके स्थान पर विधायक प्रमोद नैनवाल और बेतालघाट में उसकी ब्लॉक प्रमुख बहन ने मुख्य उद्यान अधिकारी को अच्छे कार्य का १००% पौधे जीवित होने का प्रमाण पत्र दे दिया। जिसे सी एच ओ नैनीताल ने अपने काउंटर में कोर्ट में जमा कराया। अगर ये मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी मिशन योजना से दिए गए पौधे थे तो विधायक के भाई से इतनी बड़ी रकम ना लिया जाना सरकारी कोष में चोरी नहीं तो और क्या है? कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि 2402 पौधे क्लोनल रूट स्टॉक को लगाने का जो मानक है। इस आधार पर कम से कम ७० नाली से भी अधिक जमीन होनी चाहिए। लेकिन जहां पर ये पौधे लगाए हुए दिखाए गए हैं वहां विधायक और उसके भाई की संयुक्त जमीन केवल 41 नाली है। तो बाकी जमीन जो घेरी गई वो पूरी कहां से आई? दसौनी ने जानकारी देते हुए बताया की बाकी घेरी हुई जमीन लोक निर्माण विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग की है जो विधायक और सरकार के दबाव और मजबूरी में कुछ नहीं कर पा रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि इस काउंटर एफिडेबिट के आधार पर जब सी एच ओ नैनीताल से इन पौधों की सूचना मांगी गई कि कैसे पौधे दिए? किस आधार पर दिए? किस योजना से दिए?तो उसने सूचना में यह बताया कि उसने ये सभी पौधे विधायक के भाई सतीश नैनवाल को नि: शुल्क पौध वितरण योजना के अंतर्गत दिए जो अपने आप में बहुत बड़ा संशय उत्पन्न करता है। बता दें कि विधायक प्रमोद नैनवाल ने अपने बयान में ये बताया है कि उसने बागवानी विकास योजना के तहत ये पौधे लगाए गए ये योजना केंद्रपोषित है और इसके लिए अलग मानक हैं। विधायक कहते हैं कि माली स्वयं आए थे, पौधे लगाकर गए तो वो बताएं कितने दिन माली यहां पौधे लगाकर गए और कितने माली आए थे? गरिमा दसौनी ने कहा कि अगर उत्तराखंड की भाजपा की धामी सरकार टॉलरेंस की बात सही में करती है तो फिर उसे सीबीआई जांच का स्वागत करना चाहिए और सच्चाई को शीघ्र बाहर लाना चाहिए।

# जगदीश जिलाध्यक्ष व नंदन मंत्री निर्वाचित

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला इकाई के द्विवार्षिक अधिवेशन में जिला स्तर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इससे पहले आयोजित सभा में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी मांगें रखीं और फार्मासिस्ट संवर्ग के लंबित प्रकरण का जल्द समाधान कराने का आग्रह किया।मुख्य अतिथि मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने कहा कि वह मांगों के समाधान के लिए स्वयं स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता करेंगे। विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य निदेशक डॉ. तारा आर्य ने फार्मासिस्टों की मांग को उचित बताते हुए कहा कि मांग पत्र को महानिदेशक को भेजा जाएगा। सीएमओ स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए जाएंगे। उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरएस ऐरी ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है। उनकी मांगों पर सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। फार्मासिस्ट ही दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवा देने के लिए हमेशा तत्परघ रहता है। एसोसिएशन के द्विवार्षिक अधिवेशन में नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें जगदीश चंद्र टम्टा को अध्यक्ष, नंदन गोस्वामी को जिला मंत्री, विपिन जोशी को उपाध्यक्ष, महेश चंद्र वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार को संगठन मंत्री, नितिन कुंवर को संयुक्त मंत्री, मनमोहन सिंह रौतेला को कोषाध्यक्ष, प्यारे लाल को संप्रेक्षक मनोनीत किया गया। सभा की अध्यक्षता एनके आजाद ने तथा संचालन नंदन गोस्वामी ने किया।



इस दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री जेसी पाठक, कोषाध्यक्ष केआर आर्या, मंडलीय सचिव डीके जोशी, उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के मंडलीय अध्यक्ष रमेश जोशी, शशि बिष्ट, हरिप्रसाद, दिनेश चंद्र पांडे, संगीता जोशी, केएस गढ़िया आदि उपस्थित थे।

# धामी कैबिनेट की बैठक में कई फैसलों पर मुहर

देहरादून। उत्तराखंड में सीएम पुष्कर सिंह धाामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में आज 30 मामलों पर विचार हुआ। बजाया जा रहा है कि मुनि की रेती ढाल वाला कों श्रेणी एक में उच्च कृत किया गया।ऊर्जा विभाग का प्रोजेक्ट पॉवर हॉउस ADB के फंड से होगा प्रोजेक्ट 26 पद स्वीकृत किया गया। ग्रामय विकास विभाग मे सहायक लेखाकार के पद बढ़ाये गए। राजाजी टाइगर फाउंडेशन का गठन किया गया कॉर्बेट की तर्ज पर बनाया गया। पर्यटन नीति 2023 संशोधन करके सिंगल विंडो का प्रयोजन किया गया। गन्ना विकास मे खंडसरी नीति एक साल बढ़ाई गई। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना शुरू की गई पशुपालन विभाग के लिए हुआ फैसला। परिवहन विभाग की स्क्रैप नीति के तहत अब स्क्रैप करके नया वाहन लेगा तो 15 और 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी सरकारी विभागों की गाड़ियों की रेनवाल नहीं होगी। बड़ी इन्वेस्टमेंट के लिए पैकेज मिलेगा उसमे पुराने उद्योगपति कों भी 200 करोड़ का एक्सपेंशन करेगा तो उन्हें सब्सिडी पैकेज मिलेगा गौशालाओ कों बनाने के लिए अब जिलाधिकारी इसमें सब फैसला ले सकेगा समिति बनाई गई मिलेगी सुविधाएं। माध्यमिक शिक्षा का मे ITI करने वाले अब केवल 10 मे हिंदी का मध्ठ देकर उसे 10 वी पास मान लिया जाएगा। सोलर वाटर हीटर मे अनुदान की योजना फिर से शुरू होगी घरेलु वालों कों 50 कमर्शियल को 30 प्रतिशत छूट दी जाएगी। योग प्रशिक्षण देने वालों कों योगा ट्रेनर आउटसोर्स के माध्यम से लगाए जाएंगे 300 रूपए प्रति घंटे मिलेंगे 123 युवाओं कों मिल सकेगा रोजगार। जलगम से बड़ा मामला जगह जगह पूरे प्रदेश नदी नालो का मास्टर प्लान बनाकर चेक डेम बनाए जाएंगे एक अथॉरिटी का गठन किया। कैबिनेट ने फैसला लिया है कि जिस तारीख कों भी कट ऑफ डेट के तहत जों भी विज्ञप्ति जारी हुई उसमे भर्ती सभी कर्मियों कों विकल्प दिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सचिवालय के विश्वकर्मा भवन स्थित वीर चंद्र गढ़वाली सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य सचिव के साथ-साथ सरकार के आला अधिकारी मौजूद रहे। सीएम धामी ने सतर्कता सप्ताह के अंतर्गत 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में सीएम धामी ने सभी अधिकारियों को भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विजिलेंस के साथ-साथ सभी अधिकारियों का दायित्व है की वह अपने विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार न होने दे।सीएम धामी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और इस देवभूमि से पूरे देश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई का एक अलग संदेश जाना चाहिए। बैठक में मौजूद एडीजी विजिलेंस वी मेरुगेशन ने कहा कि इस बैठक में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए जागरूकता सप्ताह अभियान की शुरुआत की गई है।



# पत्नी और साले पर किया चाकू से हमला

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पत्नी को लेने के लिए ससुराल पहुंचे पति ने इनकार करने पर पत्नी और साले पर चाकू से हमला कर दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा के वार्ड नंबर 29 में रहने वाली नूरसबा ने पुलिस को बताया कि वह अपने मायके में रह रही है। रविवार शाम को बिलासपुर साहूकारा लाइन निवासी पति नगमान उसे लेने के लिए ससुराल में पहुंच गया। उसने ससुराल जाने से मना किया तो पति ने मारपीट, गालीगलौज की। हंगामा बढ़ने पर उसका भाई नजीर आलम खान बीचबचाव करने लगा। इस बीच पति ने दोनों से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ व माथे पर चाकू लग गया। आरोपित पति जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला के पति पर मारपीट, धमकी व गालीगलौज की धारा में प्राथमिकी की है।

# गुरूबाणी करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व को समर्पित एक जागरूकता कार्यक्रम सिख मिशनरी



कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई और सिख प्रचारक सभा द्वारा संयुक्त रूप से नयागांव में आयोजित करते हुए गुरबाणी पाठ करने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए शिक्षण सामग्री प्रदान की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी स. हरिंदर सिंघ लाडी ने कहा कि सिख धर्म की शिक्षाओं को ग्रहण करने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया जाना सिख धर्म का प्राथमिक उसूल है उन्होंने गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की । इस दौरान कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंघ द्वारा बताया गया,हमें गुरु की शिक्षाओं को आत्मसात् करने के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों में मैं भी अग्रणी रहते हुए गुरबाणी के प्रचार प्रसार के लिए जागरूक होना चाहिए । इस मौके पर बच्चों में तरनजीत सिंह,जिगर प्रीत सिंह, गुरलीन सिंह, बलवीन कौर, सरबजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरप्रीत कौर के अलावा समाजसेवी स.जोरावर सिंघ भुल्लर,उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारक हरजिंदर सिंघ,सुरेंद्र सिंघ, जसवंत सिंघ,रोजी सिंघ,परमजीत सिंघ,सरबजीत सिंघ आदि शामिल थे ।

# पांच फरार वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाएं अभियान के क्रम में कुंडा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे पांच वारंटियों को सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक धारा 26 वन अधिनियम के अंतर्गत ग्राम किलावली निवासी लाला पुत्र दर्शन सिंह, दफा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत ग्राम नवलपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र द्वारिका प्रसाद, एमबी एक्ट में मेजर राज नारायण पुत्र राजीव कुमार निवासी उपरोक्त इसी आरोप में आदर्श नगर गढीनेगी निवासी करण पुत्र ओमप्रकाश तथा 138 एन आई एक्ट के एक मामले



में ग्राम सरवरखेड़ा थाना कुंडा निवासी कुंवर पाल पुत्र राजू पिछले लंबे समय से कानून की आंख में धूल झोंककर कर फरार चल रहे थे। उपरोक्त पोंचो के खिलाफ काशीपुर तथा जसपुर की न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे इसी के बाद से पुलिस को उपरोक्त पांचो की सरगर्मी से तलाश थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर उपरोक्त सभी को भविष्य देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# धामी सरकार ने समझा गरीबों का दर्द: रामपाल सिंह

## नजूल भूमि पर मालिकाना हक के लिए रम्पुरा में लगाया कैम्प

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नजूल नीति के अंतर्गत 50 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों पर मालिकाना हक दिलाए जाने के लिए नगर निगम ने अब दूसरे चरण में रम्पुरा बस्ती में कैम्प लगाया है। जिसका शुभारम्भ मेयर रामपाल सिंह ने किया। इस दौरान मौके पर ही कई पात्र लोगों की किया जा रहा है। हाल ही में सरकार ने नजूल नीति को संशोधित करते हुए नजूल भूमि पर काबिज आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्राविधानित मानकों के अधीन पात्रता की श्रेणी में आते हों और जिनका नजूल नीति, 2021 में उल्लेखित में शिविर लगाया गया था जिसमें आठ सौ से अधिक फाईलें तैयार हो चुकी है। अब रम्पुरा में भी जल्द ही सैकड़ों फाईलें तैयार कर दीपावली से पहले नजूल बस्तियों के हजारों लोगों को मालिकाना की सौगात दी जायेगी। मेयर ने कहा कि फ्रीहोल्ड प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए भव्य कार्यक्रम समय से किये जा रहे प्रयासों के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता की पीड़ा को समझते हुए नजूल नीति का सरलीकरण किया। जिसका लाभ रूद्रपुर शहर के हजारों लोगों को मिल रहा है। मेयर ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सच्ची हितैषी है। नजूल नीति का



पत्रवलियां तैयार करने के साथ ही भूखण्डों की नाप जोख भी कराई गयी। मेयर रामपाल सिंह ने निगम कर्मियों को पत्रवलियां तैयार करने का काम तैजी से करने के निर्देश दिये। रम्पुरा में फ्रीहोल्ड के लिए लगाये गये शिविर का शुभारम्भ करते हुए मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाने के लिए आज रम्पुरा में नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा दो टीमें बना कर सर्वे का काम तेजी से कट ऑफ डेट दिनांक: 09 नवम्बर 2011 से पूर्व कब्जा हो, को 50 वर्ग मीटर तक आवासीय भूमि को नि:शुल्क उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस नीति का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें फार्म भरने से लेकर नोटरी,फोटो स्टेट और फोटो खींचे जाने की सुविधा भी लोगों को नि:शुल्क दी जा रही है। मेयर रामपाल सिंह ने बताया कि पिछले दिनों आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी आयोजित किया जायेगा, जिसमें मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया जा रहा है। संभवत: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद अपने हाथों से मालिकाना हक के फ्री होल्ड प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।मेयर ने कहा कि नजूल नीति पर मालिकाना हक दिलाना उनकी प्राथमिकता थी। चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से वायदा किया था और संकल्प लिया था कि जब तक नजूल नीति का सरलीकरण नहीं होता तब तक वह कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। लम्बे सरलीकरण शहरवासियों के लिए बड़ी सौगात है। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, मानचित्रकार शरीक अली, भूपेन्द्र खत्री,मनोज गहतोड़ी, राम सिंह,शुभम पाल, अरुण रस्तोगी, विजय कुमार, नीरज सिंह, सपन मण्डल, जगदीश कुमार, चंद्रसेन कोली, सत्य प्रकाश चौहान, हिम्मत राम कोली, हरीश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# मीना शर्मा ने पूर्व सीएम हरीश रावत का जाना हाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, रविवार को देहरादून स्थित ओल्ड मंसूरी रोड पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के आवास पर उनसे मिलने पहुंची, और उनसे कुशलछेम पूछी। पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बाजपुर में एक सड़क दुर्घटना में



बाल बाल बच गए थे। उनका हाल-चाल लेने श्रीमती शर्मा ओल्ड मंसूरी रोड देहरादून उनके आवास पर पहुंची थी। यहां श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने श्री रावत को फूलों का गुलदस्ता देकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और उनकी दीर्घायियों की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षक की डेंगू से हुई मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। डेंगू से पीड़ित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पद पर तैनात 40 वर्षीय डॉ. पुष्पेश जोशी की मौत हो गई। शुक्रवार को अचानक हालत बिगड़ने पर उन्हें एसटीएच लाया गया था, जहां से दिल्ली ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। मूलरूप से सोमेश्वर अल्मोड़ा निवासी डॉ. पुष्पेश जोशी बीते करीब 10-15 वर्षों से हल्द्वानी के जज फार्म में रह रहे थे। बीते दो वर्षों से वह यूओयू के बॉटनी विभाग में संविदा सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत थे। परिजनों के मुताबिक बीते सोमवार को उन्हें बुखार की शिकायत हुई थी। शुक्रवार को उनकी हालत अचानक बिगड़ी तो परिजन उन्हें एसटीएच ले गए। डॉक्टरों ने शुरुआती जांच के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया था। शुक्रवार की रात ही दिल्ली ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर हल्द्वानी पहुंचे। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का कहना है कि मरीज का कार्ड टेस्ट पॉजीटिव आया था। डॉ. पुष्पेश जोशी की करीब साढ़े तीन साल पहले शादी हुई थी । परिवार में उनकी माता पुष्पा जोशी, बड़े भाई चंद्रेश जोशी, पत्नी प्रीति जोशी और डेढ़ वर्ष का बेटा हैं। डॉ. जोशी के पिता नवीन जोशी हल्द्वानी उपकारागार में जेल अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे थे। उनका भी निधन हो चुका है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों ने निकाला पथ संचलन

किच्छा(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुणात्मक पथ संचलन कार्यक्रम नगर में संपन्न किया गया। पथ संचलन का कार्यक्रम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। 10 चुनिंदा नगर से चुनिंदा प्रशिक्षित पथ संचलन कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सरस्वती शिशु मंदिर किच्छा में पवन प्रांत सेवा प्रमुख आर एस एस एस की देखरेख में प्रशिक्षित प्रथम द्वितीय आरएसएस कार्यकर्ताओं की एक बैठक देर सांय तक सरस्वती शिशु मंदिर किच्छा में आयोजित की गई तत्पश्चात एक पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर किच्छा से दीनदयाल चौक, महाराणा प्रताप चौक, रेलवे स्टेशन किच्छा के सामने से वापस कोतवाली किच्छा, दीनदयाल चौक होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर किच्छा में सकुशल संपन्न हुआ । जिसमें



प्रमुख रूप से जिला शारीरिक प्रमुख इंद्रजीत सिंह मंडल, मुख्य शिक्षक नगर संचालक संजय जुनेजा, नगर कार्यवाह कमल भाटिया, जिला बौद्धिक प्रकाश दिप्तिया ,जिला सेवा प्रमुख दीपक पाठक, प्रांत गौ सेवा प्रमुख भवन जोशी, शुभम तिवारी, जिला सेवा प्रमुख कारण सिंह, कमलेंद्र सेमवाल मंडी परिषद अध्यक्ष किच्छा, अशोक जायसवाल, कमल भाटिया नगर प्रमुख किच्छा, श्रीकांत राठौर जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति भाजपा, दिनेश भाटिया वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ,प्रहलाद खुराना , विवेक दीप सिंह यूथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आदि द्वारा प्रमुख रूप से भाग लिया गया।

# अंत्योदय कार्ड धारकों को मिलेगी चीनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार द्वारा जनपद के रूद्रपुर एवं गदरपुर के निवासी अन्त्योदय योजना के राशन कार्ड धारकों के लिए दीपावली के मौके पर सौगात दी गई है। यह जानकारी देते हुए पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि केन्द्र रुद्रपुर के 1027 अन्त्योदय राशन कार्ड धारक एंव गदरपुर के 1139 अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को माह नवम्बर 2023 में अन्त्योदय राशन कार्ड पर कुल 6 किलो चीनी प्रति कार्ड रूपया 13.50 प्रति किलो के हिसाब से सम्बन्धित सस्ता गल्ला विक्रेता से मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि केन्द्र रूद्रपुर एंव गदरपुर क्षेत्र के संचालित सस्ता गल्ला विक्रेता द्वारा अन्त्योदय योजना के कार्ड धारकों को उपरोक्तानुसार चीनी का वितरण नही किया जाता है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, उप जिलाधिकारी एंव जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# उद्यान घोटाले पर भाजपा आखिर चुप क्यों : माहरा

देहरादून। उद्यान घोटाले को लेकर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है। इस घोटाले की आंच मंत्री गणेश जोशी तक भी आ सकती है। इसके साथ ही रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल भी मुश्किल में पड़ते नजर आ रहे हैं। उद्यान घोटाले को लेकर कांग्रेस सरकार पर लगातार हमलावर है। जिसका कारण है इस घोटाले में बीजेपी विधायक का नाम सामने आना। इस पूरे मामले में रानीखेत विधानसभा से विधायक प्रमोद नैनवाल और उनके भाई का नाम सामने आ रहा है। जिस पर कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसौनी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कई सवाल उठाते हुए मंत्री गणेश जोशी के इस्तीफे की मांग की है।मंत्री गणेश जोशी की नाक के नीचे इतना बड़ा घोटाला होता रहा और ना अधिकारियों और ना ही मंत्री को इस बात की भनक लगी। ये कैसे हो सकता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी मिशन योजना से दिए गए पौधे थे तो विधायक के भाई से इतनी बड़ी रकम ना लिया जाना सरकारी कोष में चोरी नहीं तो और क्या है?यहां सवाल ये भी उठता है कि क्या मंत्री गणेश जोशी सब कुछ जान के भी अंजान बने रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इस घोटाले में मंत्री गणेश जोशी के इस्तीफे की मांगी की है। कांग्रेस का कहना है कि इतना बड़ा घोटाला होता रहा फिर भी मंत्री चुप रहे। कांग्रेस द्वारा मंत्री गणेश जोशी के इस्तीफे की मांग के बाद से चर्चाओं के बाजार गर्म हैं।

# शिव सिंह बिष्ट का काशीपुर पहुंचने पर किया स्वागत

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट का रविवार शाम बाजपुर रोड स्थित प्रिंस एंड संस प्रतिष्ठान पर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर वह अभिभूत हो उठे। उन्होंने मौजूद सभी लोगों को एकजुटता की नसीहत देते हुए कहा कि आने वाला समय एक बार फिर से भाजपा का है। उन्होंने कहा कि 2024 के संसदीय चुनावों में देश की सत्ता पर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी काबिज होने जा रही है। उन्होंने स्वागत कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के तमाम पार्षद व प्रधान समेत जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि वह पूर्व की भांति पार्टी को रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कराने को



लेकर अभी से एकजुट हो जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय सिख संगत के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खा, प्रतिष्ठान स्वामी रिप्रिंदर सिंह प्रिंस, अग्रपाल यादव, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अर्जुन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, भाजपा मंडल महामंत्री रिकी पोंटिंग, सतनाम सिंह सिंधू, मोहन सिंह बिष्ट, जगजीत सिंह हैप्पी तथा पूर्व प्रधान भारत सिंह काड़ाकोटी, नीरज कांडपाल, चरणजीत सिंह उत्पल, समेत बड़ी तादाद में स्थानीय लोगों के अलावा गणमान्य मौजूद रहे।

# कार्तिक मास में स्नान जागरण विशेष फलदायी: शास्त्री

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में कार्तिक मास की कथा के तृतीय दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि कार्तिक मास में स्नान,जागरण, दीप, तुलसी सेवा, भगवान की कथा सुनना, मंदिर में जाकर झाड़ू (सेवा) करना भगवान की पूजा करना सभी अच्छे फल देने वाले होते हैं। प्रसाद की सेवा स्वर्गीय मंगतराम चुघ के परिवार कृष्णलाल चुघ, श्याम चुघ, मयंक चुघ अध्यक्ष श्री सनातन धर्म युवा मंच के द्वारा श्री कृष्ण लाल चुघ के जन्मदिन की खुशी में दी गयी।





# उर्वशी अग्रवाल बनी मिसेज स्टाइल क्वीन

## बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति गोविंत्रिकर ने पहनाया सभी को ताज



देहरादून(उद संवाददाता)। जीएमएस रोड स्थित एक होटल में मिस मिसेज स्टाइल क्वीन का आयोजन किया गया जिसमें रश्मि अग्रवाल को मिसेज स्टाइल क्वीन का किताब दिया गया वहीं तर्जनी एवं दृष्टि जैन फर्स्ट व सेकंड रनर अप रहे। कार्यक्रम में बतौर सेलिब्रिटी जज व अतिथि अदिति गोवित्रिकर मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत आकाश पांडे, आम आदमी पार्टी नेता रविंद्र सिंह आनंद , डॉक्टर प्राची गंडवाल , कमल वाधवान, कृतिका ने किया दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मेयर सुनील उनियाल गामा ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान एक्स्ट्रा माइल अचीवर अवार्ड का भी आयोजन किया गया जिसमें कुछ लोगों को एक्स्ट्रा माइल अचीवर अवार्ड से नवाजा गया वहीं कुछ को पीएचडी की मानक उपाधियां भी प्रदान की गई। इनमें चंदन सिंह आर वी सिंह, राजकुमार बाजपेई, सुशील गुप्ता, दिव्या बंसल, उर्वशी अग्रवाल, शामिल रहे जिन्हे अदिति गोवित्रिकर , सुनील उनियाल गामा एवं रविंद्र सिंह आनंद के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीन राउंड फैशन परेड के रहे जिनमें पहला राउंड ट्रेडिशनल , दूसरा राउंड फ्रीस्टाइल व तीसरा राउंड गाउन में रहा व प्रश्नोत्तरी का रहा। इस मौके पर पिछले तीन दिन से चल रही ग्रूमिंग के दौरान ग्रूमिंग देने वाले ग्रूमर्स याशना बाहरी सिंह, रूप सोनी, मिनी गुप्ता, सैम क्षेत्री , प्रीति शर्मा सिंह, वीएलसीसी इंस्टीट्यूट आदि को भी सम्मानित किया गया । वहीं जूरी में प्रीति शर्मा सिंह, अभिषेक कपूर , रचना पांधी, रिचा तिवारी भी अदिति गोवित्रीकर के साथ स्टेज साझा करते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्राची कंडवाल व काजोल जो की सीजन 2 की विनर थी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक आकाश पांडे ने सभी आए अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में राम चोपड़ा, आचार्य वर्षा माटा,कनक भारत पाराशर, अंजना साहनी, डॉक्टर ललिता कोटिया, मोंटी कोहली, अरुण शर्मा, पारुल अग्रवाल, संजय गर्ग , दीपक निमरनिया, शिप्रा खन्ना ,मिनी गुप्ता, श्वेता सूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# युवाओं को अनुशासित और ऊर्जावान बनाने में एनसीसी का महत्वपूर्ण योगदान: डा.अनिता







किच्छा(उद संवाददाता)। हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में चल रहे 1 यू०के एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के वार्षिक शिविर में सांस्कृतिक संध्या एवं पारितोषक वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल की निदेशक डॉ अनिता ने कहा कि एनसीसी देश की सुरक्षा की सेकेंड लाइन है। एनसीसी देश के युवाओं को अनुशासित और ऊर्जावान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर कैडेटों को देश सेवा हेतु आगे आना होगा।कैम्प कमांडर विंग कमांडर निशांत पंवार ने कैम्प की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और कैम्प के दौरान कैडेटों को कराई गई गतिविधियों की जानकारी दी। कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न आंचलिक और देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों से शमा बांध दिया।इस अवसर पर कैम्प के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें ड्रिल प्रतियोगिता में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी को सीनियर वर्ग में एवम सेंट लेमार्ट को जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान, रस्साकशी में डायनेस्टी मॉडर्न जूनियर वर्ग में और सीनियर वर्ग में ग्राफिक एरा प्रथम, ऐरोमोडलिंग जूनियर वर्ग में रेनबो स्कूल प्रथम , वॉलीबॉल सीनियर वर्ग में डोनबोस्को और जूनियर वर्ग में आर ए एन पब्लिक स्कूल प्रथम रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम सीनियर में गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय और जूनियर वर्ग में एवर ग्रीन सेकेंडरी स्कूल प्रथम रहे। विजेताओं को पुरुस्कार मुख्य अतिथि डॉ अनिता और कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर निशांत पंवार ने प्रदान किये। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साअधिकारी उधम सिंह नगर डॉ मनोज कुमार शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी इशांत कटारिया,डीन छात्र कल्याण परिषद पंत नगर विश्वविद्यालय डॉ बृजेश सिंह, प्रबंधक हिमालय प्रोग्रेसिव स्कूल डॉ दीपक रस्तोगी, कमांडिंग अफसर 1 यू०के आर एन्ड वी एनसीसी कर्नल अशोक सिंह राठौर समस्त सहयोगी एनसीसी अधिकारी और ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर आदि मौजूद रहे।

# वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी ने डीपीएस को हराया



किच्छा(उद संवाददाता)। डीपीएस इंटरनेशनल विद्यालय के डीसी ग्राउंड पर डीपीएस क्रिकेट अकादमी और वॉरियर्स क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया जिसका आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तराखंड द्वारा खेल महाकुंभ कार्यक्रम के तहत किया गया और टॉस जीते पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी क्रिकेट अकादमी ने 140 रन का लक्ष्य वारियर की टीम को दिया जो उन्होंने मात्र 11 ओवर में हासिल करके इस मैच को जीत लिया इस मैच में रितिक सर्वाधिक 78 रन बनाए और डीसी क्रिकेट अकादमी की तरफ से अनमोल ने 40 रन का योगदान दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी विकास शर्मा, विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश भाटिया द्वारा की गई। इस अवसर पर संदीप ,गौरव तिवारी, गोविंद शर्मा, विनय राय, राजीव तिवारी, जितेंद्र त्रिपाठी , विशाल चौहान, अशोक यादव, सोनू कुमार जी, जितेंद्र चौहान जी, प्रतिक सक्सेना जी आदि लोग उपस्थित थे।



# `करवाचौथ` के दिन 100 साल बाद बन रहा `महासंयोग`

## सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी चंद्रमा की पूजा, जानें मुहूर्त, अर्घ्य समय और पारण





नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।करवा चौथ व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी तिथि को है। इस दिन सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ का व्रत हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। उस दिन कार्तिक संकष्टी चतुर्थी होती है, जिसे वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी कहते हैं। करवा चौथ के दिन सुहागन महिलाएं और विवाह योग्य युवतियां अपने जीवनसाथी की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस व्रत में चंद्रमा की पूजा करना और अर्घ्य देना जरूरी है। इसके बिना करवा चौथ का व्रत पूरा नहीं होता है। ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री से जानते हैं कि करवा चौथ कब है? पूजा मुहूर्त, चंद्र अर्घ्य समय और पारण कब होगा? इस बार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 31 अक्टूबर दिन मंगलवार को रात 09 बजकर 30 मिनट से प्रारंभ हो रही है। यघ्ह तिथि 01 नवंबर बुधवार को रात 09 बजकर 19 मिनट पर खत्म होगी।उदयातिथि और चतुर्थी के चंद्रोदय के आधार पर करवा चौथ व्रत 1 नवंबर बुधवार को रखा जाएगा। इस दिन व्रती को 13 घंटे 42 मिनट तक निर्जला व्रत रखना होगा। व्रत सुबह 06 बजकर 33 मिनट से रात 08 बजकर 15 मिनट तक होगा। ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि इस साल करवा चौथ के दिन 100 साल के बाद एक महासंयोग बन रहा है।दरअसल, 100 साल के बाद मंगल और बुध एक साथ विराजमान होंगे, उसकी वजह से बुध आदित्य योग बन रहा है, जो बहुत ही शुभ माना जाता है। इतना ही नहीं करवा चौथ के दिन शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। यह योग सुबह 7:34 से लेकर सुबह 9:13 तक रहेगा।ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ की महिमा हिंदू धर्म में बहुत मानी जाती है। ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री के अनुसार यह व्रत सबसे पहले शक्ति स्वरूपा देवी पार्वती ने भगवान भोलेनाथ के लिए रखा था। इसके अलावा कहा जाता है कि द्रौपदी ने भी पांडवों को संकट से मुक्ति दिलाने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था। करवा चौथ का व्रत विवाह के 16 या 17 सालों तक करना अनिवार्य होता है।करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को किया जाता है। मान्यता है कि, जो कोई भी सुहागिन स्त्री इस व्रत को करती है, उनके पति की उम्र लंबी होती है। उनका गृहस्थ जीवन अच्छा रहता है। साथ ही उनके पति की सेहत भी अच्छी रहती है। इसके अलावा कुंवारी कन्याएं भी करवा चौथ के व्रत को कर सकती हैं। जिससे उन्हें मनचाहे वर की प्राप्ति हो सकती है। ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री जी से जानें उपाय आपसी प्रेम और विश्वास को बढ़ाने या बरकरार रखने के लिए एक रेशमी कपड़े में पचास ग्राम पीली सरसों और 2 गोमती चक्र डालें। इसमें एक छोटे से सफेद कागज पर अपने हस्बेंड का नाम लिख दें। दूसरे कागज पर अपना लिखेंघ। कपड़े में ये कागज को भी रखकर अच्छी तरह से बांध दें। इसे वहां रख दें, जहां किसी की भी नजर पूरे साल ना पड़े। इस पोटली को अगले साल करवा चौथ पर ही खोलें। ऐसा करने से आपका दांपत्य जीवन मजबूत होगा विश्वास बढ़ेगा आपसी प्रेम बढ़ेगा। ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ के दिन अपनी शादीशुदा जिंदगी में आई किसी भी समस्या को दूर करने के लिए गाय को 5 केले, बेसन के 5 लड्डू और 5 पेड़े खिलाएं। अपनी समस्या को दूर करने के लिए गाय की पीठ सहलाएं और प्रार्थना करें। इससे आपके वैवाहिक जीवन में मौजूद कोई भी परेशानी कम हो जाएगी। आपसी प्रेम और विश्वास भी बढ़ेगा। इस दिन गणेश भगवान की पूजा करने के साथ ही सिद्धिविनायक के मंत्र जापें। इससे आपकी जिंदगी में खुशियां भर जाएंगी। शादीशुदा जीवन मजबूत बना रहेगा।

# मां चाइल्ड केयर हॉस्पिटल ने मजरा शीला में लगाया चिकित्सा शिविर



गदरपुर(उद संवाददाता)। मां चाइल्ड केयर हॉस्पिटल के डॉक्टर जुनैद व डॉक्टर अजय की ओर से रविवार को नजदीकी ग्राम मजरा शीला में बच्चों व बड़ों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ कारी महफूज आलम वह समाज सेवी शाकिर अली द्वारा किया गया, शिविर में बच्चों सहित लगभग 300 मरीजो का स्वास्थ्य चेकअप कर निशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गूलरभोज रोड पर स्थित मां चाइल्ड केयर हॉस्पिटल की टीम ने नजदीकी ग्राम मजरा शीला में स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए एक शिविर का आयोजन किया जिसमें डॉक्टर जुनैद द्वारा अपनी टीम के साथ मरीजों का स्वास्थ्य चेकअप किया डॉक्टर जुनैद ने बताया कि जांच के दौरान सुबह 11:00 बजे से लगभग 4:00 बजे तक 300 मरीजों की जांच कर कुछ को मौके पर निशुल्क दवाई भी दी गई डॉक्टर जुनैद ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान अन्य टेस्टों पर 50 परसेंट की छूट वह सीनियर सिटीजन के लिए भी विशेष छूट की व्यवस्था मौजूद थी उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए अस्पताल की विशेषताओं के बारे में भी बताया जिसमें कहा की गूलरभोज रोड पर स्थित मां चाइल्ड केयर हॉस्पिटल में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सांस की बड़ी मशीन की सुविधा भी उपलब्ध है, बच्चों के लिए नी आई सी यू,पी आई सी यू की सुविधा, कम समय के बच्चों के लिए मशीन में रखने की सुविधा, ऑक्सीजन की सुविधा, खून बदलने की सुविधा, बच्चों में जन्म से दौरे पढ़ना वह मंदबुद्धि बच्चों के दौरे के इलाज की सुविधा, बच्चों में डेंगू, बुखार, मलेरिया, टाइफाइड, उल्टी, दस्त, निमोनिया, सांस लेने में परेशानी होना पसलियां चलना आदि की भी डॉक्टर द्वारा परामर्श के बाद उचित इलाज किया जाता है इस शिविर में विशेष सहयोग के लिए डॉक्टर आजाद, मो. अजीम सहित डॉक्टर टीम में तनवीर अहमद, मिस्टर कासिफ, मिस्टर इम्तियाज, मिस्टर मुसाहिद, मिस्टर आकाश, मिस सुनीता, मिस आशु, आदि टीम मोजूद रही।

# सड़क के पुन: निर्माण के लिए फिर दिया धरना

गदरपुर(उद संवाददाता)। मटकोटा मार्ग के पुन: निर्माण को लेकर चलाई गई मुहिम के तहत आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने पुन: रविवार को धरना दिया। जिसमें कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी समर्थन हालत खस्ता हो गई है और आए दिन इस सड़क पर हादसे हो रहे हैं जिसमें अब तक न जाने कितने लोगों की जान चली गई है और सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है। सरकार को जल्द से जल्द मटकोटा मार्ग का पुन: परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है मटकोटा मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं आखिर सरकार को किसी अनहोनी का इंतजार है अगर सरकार जल्द ही रोड का पुन: निर्माण नहीं करेगी तो



दिया और सड़क के पुन: निर्माण को लेकर सरकार को चेताया ।आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी द्वारा दिनेशपुर चौराहे के पास 10 बजे से 12बजे तक सांकेतिक धरने का आयोजन किया गया जिसमें सुभाष व्यापारी ने बताया कि मटकोटा मार्ग की निर्माण कराया जाना चाहिए वरना मजबूरन हमें एक बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे वहीं धरने के समर्थन में आए कांग्रेसी कार्यकर्ता किशोर हलदार ने बताया कि भाजपा सरकार सिर्फ जुमले की सरकार रह गई है। इसको आम जनता की हमारे द्वारा जल्द ही एक बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान जगदीश चंद्र, नरेश मंडल, दीपक चक्रवर्ती, हिमांशु कुमार, सुनील हालदार, राकेश कुमार, कमल शाह, संजीव कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कवि सम्मेलन में कवियों ने किया काव्य पाठ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय पंजीकृत बुलंदी साहित्य सेवा समिति द्वारा मद्रास कैफे रुद्रपुर में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरभि खनेडा व ममता नेगी द्वारा सरस्वती वंदना तथा संस्था के संस्थापक विवेक बादल बाजपुरी, वरिष्ठ कवि के.पी. सिंह, डॉ कुमुद पंत तथा राष्ट्रीय सचिव मातृका बहुगुणा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कवि सम्मिलित हुए। नवीन आर्य द्वारा ये सच है इश्क में हर चेहरा तुझ जैसा दिखता है, निलेश प्रजापति द्वारा उस घर की मां अब नजरें चुराती है, चार बेटों के होते जो खुद चूल्हा जलाती है, सत्यार्थ दीक्षित द्वारा तुमको निवाला दिया खुद को धूप में जलाकर, वो किसान फसल का भाव पाकर मर गया। संस्था संरक्षक राजविंदर कौर ने कहा जिनका मन रमता है दिल दुखाने में, क्या रखा है उनको अपना हाल सुनाने मेंष। दिल्ली से आए रौनक देहालवी ने कहा उसकी जीस्त में मुझको रौनक लानी है, धीरे धीरे बात बढ़ानी है मुझको। साथ ही बरेली से लवी सिंह, अंकुर मिश्रा दिल्ली से, सतीश शर्मा बरेली से, संदीप जी नैनीताल से, सुबोध शर्मा, निधि कौशल, सीमा शैली, नीरज कुमार आदि ने अपनी पंक्तियों से मंच की गरिमा बढ़ाई।



# राष्ट्रपति के पंतनगर भ्रमण की तैयारियों पर डीएम ने दिये दिशा निर्देश



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के आगामी 7 नवम्बर 2023 को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पंतनगर एयरपोर्ट से तराई भवन व कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा के दृष्टिगत सभी प्वांइट चिन्हित कर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर लिये जाए। उन्होने कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होने एनएचएआई व लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित रूठ पर यदि सड़क पर कही गड्ढे है तो उसे तत्काल मरम्मत कर 03 नवम्बर तक हर-हाल में ठीक करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि कही पर विद्युत पोल आड़े-तिरछे है तो उसे ठीक करते हुये जंग लेगे खम्भो को पेंट कर ठीक कर लें। उन्होने डायरेक्टर पंतनगर एयरपोर्ट को निर्देश दिये कि शौचालय, पानी, पार्किगं आदि सभी व्यवस्थाएं समय से दुरूस्थ कर लें यदि काही पुताई/पेंट की आवश्यकता है तो तत्काल कर लिया जाये। उन्होने पंतनगर विश्वविद्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल व कैम्पस के भीतर यदि कही मरम्मत या पुताई/रंगरोगन के कार्य किये जाने है तो उसे समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क के किनारे यदि कही पर पेड़ो की लोपिंग की आवश्यकता है तो उसे समय से लोपिंग आदि कराकर ठीक कर लिये जाये। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने पंतनगर एयरपोर्ट, तराई भवन व कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, डीएफओ हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी मनोज कत्याल, निदेशक विमानपत्तन सुमित सक्सेना, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी कलैक्ट्रेट अमृता शर्मा, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, गौरव पाण्डेय, एससी लोनिवि हरीश कुमार, डेम जीबी पंत विवि डॉ0 विवेकानंद सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की कोशिशों पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर पिछले कुछ वर्षों से आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जिस ढंग से सक्रिय नजर आ रहे हैं, उसे लेकर उनकी साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। विपक्षी दल लगातार आरोप लगा रहे हैं कि ये एजेंसियां केंद्र सरकार के इशारे पर बदले की भावना और नाहक परेशान करने की नीयत से कार्रवाई कर रही हैं। इसकी शिकायत सर्वोच्च न्यायालय में भी की गई थी, मगर उसने इनकी कार्रवाइयों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है, मगर उनमें भी इन केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी और राजनेताओं, उनके रिश्तेदारों आदि से पूछताछ चल रही है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी लोगों के घरों पर छापेमारी हुई तो उन्होंने इन एजेंसियों को लेकर बहुत तल्ख और आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उनकी भाषा पर एतराज जताते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया, तो उन्होंने न तो उसके लिए किसी तरह का अफसोस जाहिर किया और न अपने बयान को अनुचित माना। उन्होंने कहा कि जब एक मुख्यमंत्री को इस तरह परेशान किया जाएगा, तो उसकी भाषा ऐसी ही निकलेगी। हालांकि एक जिम्मेदार पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति से इस तरह की असावधान भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के समय और व्यक्तियों के चुनाव को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। यह सवाल बार-बार पूछा जाता है कि ये एजेंसियां उन्हीं नेताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों करती हैं, जो केंद्र के विपक्ष में हैं और सत्तापक्ष के खिलाफ बोलते रहते हैं। फिर यह भी कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होना होता है, वहीं क्यों अधिक छापेमारी की जाती या पुराने मामलों की फाइलें खोल कर जांच शुरू कर दी जाती है। विपक्षी दल उन नेताओं के नामों की सूची भी बार-बार दोहराते रहते हैं, जिनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के पास भ्रष्टाचार से जुड़े मामले दर्ज हैं, मगर उनके सत्तापक्ष में चले जाने के बाद उनके खिलाफ जांच रोक दी गई हैं। फिर यह भी तथ्य बार-बार दोहराया जाता है कि इन एजेंसियों की कार्रवाई में तो तेजी आई है, मगर वास्तव में दोष सिद्धि नगण्य हुई है। इससे यही जाहिर होता है कि इन एजेंसियों की कार्रवाई के पीछे मंशा केवल विपक्षी नेताओं और उनके करीबियों को परेशान करने की होती है। हालांकि जब भी किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो वह खुद को पाक-साफ ही बताता है, मगर पिछले कुछ सालों में ऐसे मामलों को लेकर आमजन में एक तरह का सामान्य स्वीकार भाव पैदा हो गया है। विपक्षी दलों के हर छापे या पूछताछ को राजनीति से प्रेरित बताते रहने से लोगों में यह धारणा गाढ़ी होती देखी जा रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों का मकसद भ्रष्टाचार रोकने के बजाय कुछ और ही है। यह बहुत चिंताजनक संकेत है। जब लोगों में भ्रष्टाचार के प्रति सहज स्वीकार का भाव पैदा होगा, तो ऐसे आचरण पर नकेल कसना और मुश्किल होता जाएगा। कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय भी प्रवर्तन निदेशालय के गिरफ्तारियों आदि से जुड़े अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या करते हुए उसे मर्यादा में रह कर काम करने को कह चुके हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आमजन का भरोसा अब भी बहुत कमजोर नहीं हुआ है, देखने की बात है कि वे खुद इस भरोसे को कैसे और कितना कायम रख पाती हैं।

# नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से उत्तराखंड के त्रियुगीनारायण मंदिर आएगी शिव बरात

## धार्मिक यात्रा से नेपाल और भारत के बीच रोटी-बेटी के रिश्ते मजबूत होंगे: महाराज

देहरादून(उद संवाददाता)। सांस्कृतिक रूप से नेपाल और भारत के बीच रोटी-बेटी के रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए एक नई धार्मिक यात्रा की शुरुआत हो सकती है। इसके लिए उत्तराखंड सरकार ने प्रयास शुरू किए हैं। नेपाल पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने धार्मिक यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच मैत्री और सद्भाव बढ़े, इसके लिए इस धार्मिक यात्रा को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। पशुपतिनाथ मंदिर से शंकर जी की से भी इस यात्रा को लेकर अच्छा फीडबैक मिला है। बताते दें कि रुद्रप्रयाग जिले में स्थित त्रियुगीनारायण मंदिर में ही शिव-पार्वती का विवाह हुआ था। हिंदू धर्म को मानने वालों के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की जोड़ी प्रेम का काठमांडू में स्थित है। जो हिंदुओं की आस्था का एक बड़ा केंद्र है। पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि आगरा में श्रीराम और जानकी का विवाह आयोजित होता है। इस विवाह में पूरा नगर दो पक्षों में बंट जाता है। एक पक्ष अयोध्या तो दूसरा जनकपुरी




के पशुपतिनाथ मंदिर से भगवान शिव की बरात उत्तराखंड के त्रियुगीनारायण मंदिर में आएगी। यहां पूरे विधि-विधान से शिव-पार्वती के विवाह की रस्मों को दोहराया जाएगा। अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए धर्मस्व एवं बरात उत्तराखंड आएगी तो इससे नए सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन के नए द्वार खुलेंगे। दोनों देशों के रीति रिवाज और सांस्कृतिक सद्भाव बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए ब्राह्मणों और तीर्थ पुरोहितों से बातचीत की जा रही है। नेपाल सरकार सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यही वजह है कि लोग इस मंदिर में विवाह कर उनसे आशीर्वाद लेना चाहते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर का निर्माण आठवीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने कराया था। जबकि पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग नेपाल के बन जाता है। इस विवाह में 10 करोड़ रुपये अधिक का बजट खर्च किया जाता है और लाखों लोग शामिल होते हैं। इसी तर्ज पर उत्तराखंड में भी शिव-पार्वती के विवाह की धार्मिक यात्रा के आयोजन की परिकल्पना की जा रही है।

# जमरानी बांध का निर्माण 2028 तक पूरा होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी की मंजूरी मिलने को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि परियोजना के निर्माण में 2584 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। मार्च 2028 तक परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सुभाष रोड स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि परियोजना से करीब 1.5 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही हल्द्वानी शहर को पर्याप्त पेयजल और 6.3 करोड़ यूनिट जल विद्युत उत्पादन हो सकेगा। महाराज ने कहा कि परियोजना को 45 वर्षों के बाद स्वीकृति मिली, अब इस पर तेजी से काम होगा। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना के वित्त पोषण के लिए निवेश स्वीकृति एवं जल शक्ति मंत्रालय की स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से मंजूरी दी गई है। इसमें 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार जबकि 10 प्रतिशत खर्च यूपी-उत्तराखंड को उठाना है। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग हरिद्वार में दशहरे से दीपावली के बीच सिल्ट सफाई के लिए नहर बंद कर देता है। इस वर्ष भी ऊपरी गंग नहर की वार्षिक बंदी अक्तूबर में कर दी गई है, जो 12 नवंबर तक जारी रहेगी। सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हरिद्वार की हरकी पैड़ी और अन्य गंगा घाटों पर दीपावली तक जलापूर्ति सुचारू रखने का अनुरोध किया है।सिंचाई मंत्री महाराज ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सिंचाई के लिए 665 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया है।

# प्रदेश में बढ़ता जा रहा ट्रेन हादसों में हाथियों की मौत का आकड़ा

## हरिद्वार-देहरादून रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट आ चुके हैं 16 हाथी




कोटद्वार। नजीबाबाद वनप्रभाग के कौड़िया रेंज में एक हाथी ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से हाथी की मौके पर मौत हो गई। घटनास्थल पर बिजली की लाइन भी क्षतिग्रस्त हुई है। प्रदेश में ट्रेन से कटकर हाथियों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे पहले हरिद्वार-लक्सर रेलवे ट्रैक पर सीतापुर फाटक से पास एक नर हाथी की उपासना एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। बीते 22 सालों में प्रदेश में 508 हाथियों की मौत कई कारणों से हुई है, इनमें से 23 हाथी ट्रेन से कटकर मरे हैं। अकेले 16 हाथी देहरादून-हरिद्वार-देहरादून रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आए हैं। प्रदेश में बीते 12 सालों में हाथियों का कुनबा बढ़ा है, लेकिन इनकी मृत्यु दर में कोई कमी नहीं आई है। वर्ष 2001 से आज तक 508 हाथियों की मौत बड़ा आंकड़ा है। हालांकि, हाथियों की सबसे अधिक मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है। इस दौरान वर्ष 2001 से लेकर अब तक कुल 184 हाथी प्राकृतिक मौत मरे। वहीं, आपसी संघर्ष में 96 हाथी मारे गए, जबकि विभिन्न दुर्घटनाओं में 78 हाथी मारे गए। इसके अलावा करंट लगने से 43, जहर खाने से एक हाथी की मौत हुई। नौ हाथी पोचिंग में मारे गए तो 23 हाथियों की मौत ट्रेन से कटकर हुई है। इसके अलावा लोगों के लिए खतरनाक घोषित होने पर एक हाथी की मौत हुई तो 71 मामलों में हाथी की मौत का पता नहीं चल पाया। इधर, मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक डॉ. समीर सिन्हा का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर हाथियों के कटने के मामलों में कमी लाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य गठन से अब तक 16 हाथी देहरादून-हरिद्वार रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटे हैं। 19 अप्रैल 2019 को सीतापुर रेलवे फाटक पर ही रेलवे ट्रैक पार करते समय दो टस्कर हाथियों की मौत हो गई थी। 13 जनवरी 2013 को भी इसी इलाके में एक साथ दो हाथियों की ट्रेन की चपेट में आने जान चली गई थी। 17 फरवरी 2018 व 20 मार्च 2018 को नंदा देवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो हाथियों की मौत हुई। इसके बाद 26 जून 2018 को काठगोदाम एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई थी। इसी तरह से राज्य गठन के बाद से अब तक 16 हाथी ट्रेनों का शिकार बन चुके हैं।

# विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास करेंगे भाजपा के सांसद

देहरादून। विधानसभा चुनाव में हारी हुई 23 सीटों पर भाजपा ने जीत के लिए सांसदों की जिम्मेदारी तय कर दी है। 6 से 17 नवंबर तक सांसद विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास करेंगे। पार्टी ने हारी सीटों को 60 प्रतिशत अधिक मतों से जीतने का लक्ष्य रखा है। सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को हरिद्वार ग्रामीण, खानपुर और ज्वालापुर विस क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का फोकस हारी हुई विधानसभा सीटों पर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि पौड़ी के सांसद तीरथ सिंह रावत को द्वाराहाट, बदरीनाथ, अल्मोड़ा सीट की जिम्मेदारी की गई है। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल को भगवानपुर, मंगलौर, पिरान कलियर, नैनीताल सांसद अजय भट्ट को खटीमा, नानकमत्ता, किच्छा और हल्द्वानी, अल्मोड़ा से सांसद अजय टम्टा को धारचूला, पिथौरागढ़ और लोहाघाट, राज्यसभा सांसद डॉ.कल्पना सैनी को झबरेड़ा, लक्सर और जसपुर, टिहरी से सांसद माला राज लक्ष्मी शाह को प्रताप नगर, यमुनोत्री और चकराता सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भट्ट ने बताया कि हारी हुई विधानसभा सीटों पर एससी एसटी जनप्रतिनिधियों के सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें विधानसभा से संबंधित प्रदेश पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। हारे गए बूथों को चिन्हित कर, वहां की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर एक-एक बूथ की जिम्मेदारी एक-एक कार्यकर्ता को सौंपी जाएगी। एससी एसटी समाज में पार्टी को विस्तार देने के लिए 19 नवंबर को देहरादून व 21 नवंबर को हल्द्वानी में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिसमें एससीएसटी समाज के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्षद, प्रधान और अनुसूचित एवं जनजाति प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शिरकत करेंगे।



# कुमार विश्वास ने किए बद्री-केदार के दर्शन

चमोली(उद संवाददाता)। प्रख्यात कवि कुमार विश्वास उत्तराखंड पहुंचे हुए हैं। रविवार को उन्होंने अपने परिवार के साथ बाबा केदार और भगवान बद्रीविशाल का आशीर्वाद लिया। वहीं, कुमार विश्वास ने अपने एक्स अकाउंट पर एक फोटो शेयर की है। जिसमें सूर्योदय हो रहा है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा है, एक पहाड़ी सुबह, जय बदरी विशाल।कवि कुमार विश्वास ने रविवार को अपने परिवार के साथ बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए। रविवार दोपहर दो बजे कुमार विश्ववास अपने माता-पिता के साथ बद्रीनाथ धाम पहुंचे। मंदिर में पहुंचते ही वो दंडवत हुए और इस दौरान उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि भगवान सबकुछ देखता है। मैं पहले जो था ईश्वर की कृपा से फिर वही हो गया हूं। कुमार विश्वास के बद्रीनाथ धाम पहुंचने पर बीकेटीसी के



उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनका स्वागत किया। धाम के दर्शनों के बाद उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम में आकर खुश हूं। इसके बाद उन्होंने धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी से भी भेंट की। बद्रीनाथ धाम के दर्शनों के बाद कुमार विश्वास केदारनाथ के लिए रवाना हो गए। केदारनाथ धाम पहुंचकर उन्होंने बाबा केदार के दर्शन किए। बाबा की पूजा- अर्चना कर उन्होंने आशीर्वाद लिया। जिसके बाद वो हरिद्वार पहुंचे। यहां पर उन्होंने हरकी पैड़ी पर गंगा पूजन किया। बद्रीनाथ धाम आकर काफी खुश महसूस कर रहा है।

# देबाशीष भट्टाचार्य के गिटार की ध्वनि से गूंज उठा विरासत का आंगन

## जसबीर जस्सी के गानों पर जमकर झूमे लोग,पुरानी कारों, बाइक, जीपों को देखने पहुंचे

देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2023 के तीसरे दिन की शुरुआत 'विंटेज और क्लासिकल कार एवं बाइक रैली ' कार्यक्रम के साथ हुआ। 'विंटेज और क्लासिकल कार एवं बाइक रैली कार्यक्रम को अंबेडकर स्टेडियम से मुख्य अतिथि जय राज, पूर्व पीसीसीएफ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'विंटेज और क्लासिकल कार एवं बाइक रैली में लगभग 40 से अधिक वाहनों ने भाग लिया। रैली अंबेडकर स्टेडियम से शुरू होकर राजपूर रोड तक गई और फिर दिलाराम होते हुए देहरादून कैन्ट के रास्ते वापस अंबेडकर स्टेडियम पहुंची। इस रैली में वाहन मालिक उसके सवारियों और ड्राइवरों का उत्साह और दर्शकों की ऊर्जा से मेल खा रहा था जो पुरानी कारों, बाइक, जीपों को देखने के लिए बड़ी संख्या में आए थे। कुछ निजी संग्राहकों की सबसे पुरानी कार और बाइक में से एक शेवेरोलेट 1926 और मैचलेस मोटरसाइकिल 1942 थीं, जिनके मालिक डॉ. एस, फारूक थे। अधिकतम कार के साथ रैली में भागीदारी करने वाले विजेता रहे डॉ. एस फारूक और बाइक के लिए बलबीर सेम्भी। विभिन्न पुरस्कार विजेताओं में वोलेंटियर्स की पसंद श्रेयस वर्मा और रितिक शर्मा रहे, रीच की पसंद में विजेता रहे कुणाल अरोड़ा और सगीर अहमद, दर्शकों की पसंद में विजेता रहे नूर मोहम्मद और अनुपम सुडेन। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ राजा रणधीर सिंह, एशिया ओलंपिक परिषद के अंतरिम अध्यक्ष एवं रीच विरासत के पेट्रोन ने दीप प्रज्वलन के साथ किया एवं









उनके साथ रीच विरासत के महासचिव आर.के.सिंह एवं अन्य सदस्य भी मौजूद रहें। देबाशीष भट्टाचार्य ने अपने प्रस्तुति की शुरुआत अपने गिटार पर शुद्ध कल्याण की एक रचना से की उसके बाद उन्होंन राग जैजवंती प्रस्तुत किया। कार्यक्रम कि दूसरी प्रस्तुति में कुमुद झा दीवान ने बिहार संगीत पृष्ठभूमि की रचनाएँ शामिल थीं। उन्होंने अपने प्रदर्शन की शुरुआत कौशिक ध्वनि में ठुमरी "मैंने मन रे किया, तूने टिकुली के बीचबढ़ा काहे को दिया" से की, उनका अगली प्रस्तुति दादरा रहा जिसे "सीधी का दादरा" के नाम से जाना जाता है और उन्होंने राग भैरवी में एक बंदिया "सांवरिया प्यारा रे मोरी गुइयां" ,"जिया मोरा कांपे ' के साथ समापन किया। कार्यक्रम में आखिरी प्रस्तुति जसबीर सिंह जस्सी की रही जिसमें उन्होंने शुरुआत सूफी संत बाबा बुल्लेशाह द्वारा रचित हीर.. "आयो नी सैयों" से की, उसके बाद उन्होंने छाप तिलक...नैना मिलाई के फिर उन्होंन मेरा पिया धर आया ओ राम जी एवं अन्य गाने भी प्रस्तुत कियें।

# हवन एवं भण्डारे के साथ श्री रामलीला का समापन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोड़ा में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2023 के समापन के अवसर पर दस दिवसीय रामलीला तथा दो दिवसीय महिलाओं द्वारा मंचित रामलीला का तिलपात्र व विशाल भंडारा मंदिर परिसर में आहूत किया गया।तिलपात्र रामलीला के पश्चात की एक आवश्यक प्रक्रिया है जिसमें पौराणिक किरदारों का अभिनय कर रहे कलाकार तिलपात्र के माध्यम से मृत आत्माओं की शान्ति एवं अभिनय के दौरान हुई किसी भी त्रुटि के लिये क्षमा याचना करते हैं।तिलपात्र के पश्चात यज्ञ एवं हवन का प्राविधान है जिससे लोक कल्याण एवं जनहित की मंगल कामना की जाती है।तद्पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ, हवन एवं भंडारे के साथ श्री रामलीला महोत्सव 2023 का विधिवत समापन हुआ।इस अवसर पर जीवन चन्द्र तिवारी ज्योतिषाचार्य, बिट्टू कर्नाटक पूर्व दर्जा मंत्री एवं रामलीला समिति के संस्थापकसंयोजक,देवेन्द्र कर्नाटक अध्यक्ष, पदाधिकारीसदस्यों में डा.करन कर्नाटक,हेम चन्द्र जोशी,गौरव काण्डपाल, रमेश चंद्र जोशी,हंसा दत्त कर्नाटक, सन्तोष जोशी, हंसा दत्त कर्नाटक, देवेन्द्र गोस्वामी,बृजेश पाण्डे, तनोज कर्नाटक,जगदीश चन्द्र तिवारी, लीलाधर काण्डपाल, हेम पाण्डे,अनिल जोशी,बन्दना जोशी, विद्या कर्नाटक तथा कलाकार कार्यकर्ताओं में रजनीश कर्नाटक, कमल जोशी, अखिलेश थापा, भुवन पाण्डे,रवि रौतेला, आशा मेहता, सुनीता बगडवाल, प्रकाश मेहता, ललित बिष्ट,कपिल नयाल, कौशल किशोर पाण्डे,आयुष मेहता, सुनीता पालीवाल ,सीता रावत,रश्मि काण्डपाल,नेहा जोशी,कशिश रावत, हर्षित आगरी, कोमल जोशी ,मेघा काण्डपाल,वैष्णवी जोशी,पायल,निशा, मीनाक्षी जोशी, मेघना पाण्डे, अनूप, निखिल, ललित, आशु, आयुष,भुवनेश काण्डपाल आदि सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# जनसंवाद कार्यक्रम में बेहड़ ने सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाताबग)। जनता संवाद में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन समस्याएं सुनी और उनके तत्काल निदान का आश्वासन दिया। विधायक बेहड आवास विकास अपने कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जनता संवाद के माध्यम से जनसंवाद किया। वहां तमाम लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर विधायक बेहड ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पूनम अंजनिया निवासी ने राशन कार्ड की समस्या,हसींन बानो वार्ड न०- 3 किच्छा निवासी व मदनलाल कश्यप निवासी नजीमाबाद ने ने पुत्रीयों के विवाह हेतु आर्थिक सहायता दिए जाने, दोपहरिया से नंदकिशोर, टीकाराम, सेवाराम, झाझन लाल, ओमकार, पपू,विक्रम, सुरेश, गंगाधर आदि ने 800 मीटर सड़क निर्माण कराये जाने व गाँव की नहर की सफाई हेतु विधायक बेहड़ को पत्र सौपा, भजन लाल वार्ड न०-13 किच्छा निवासी ने स्वंय के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिए जाने व प्रीतम कौर वार्ड न०-17 निवासी ने अपने पति अंग्रेज सिंह के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग रखी। विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनता संवाद में आये सभी क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया को भरोसा दिलाया की भले हि राज्य में उनकी सरकार न हो फिर भी वे जनता के हित के लिए वे निरंतरत प्रयासरत है कि आम जनता को सारी समस्याए दूर की जा सके।



# पुलिसकर्मियों की हफ्ते में दो बार होगी पारिवारिक काउंसिलिंग

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (उपवा) इस वक्त पुलिसकर्मियों की पारिवारिक कलह को लेकर गंभीर है। इस समस्या को हल करने के लिए तीन सदस्यों की एक समिति बनाई जाएगी। यह समिति पुलिस परिवार की सप्ताह में दो दिन की काउंसिलिंग करेगी। यह जानकारी रविवार को उपवा अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक ने दीपावली मेले के दौरान बुलाई पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए कई और निर्णय भी लिए। डॉ. अलकनंदा अशोक ने उपवा के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस माडर्न स्कूलों को और अधिक संसाधन युक्त बनाना है। उनके लिए सांध्याकालिक कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसके साथ ही पुलिस की अन्य बटालियन और पुलिस लाइन में भी पुलिस माडर्न स्कूल की स्थापना कराने पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों और उनके परिवार वालों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन कराने की बात भी कही। कहा कि पुलिस परिवार के जो बच्चे नशे की गिरफ्त में हैं और फोन एडिक्शन का शिकार हैं उनकी भी काउंसिलिंग होगी। उन्हें पीपीटी के माध्यम से इस नुकसान से बचाने के बारे में जानकारी दी जाएगी।



## पेज एक का शेष...

**यूपी में लुटेरे का ...**हाजिर किए जा चुके हैं। डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि सोमवार तड़के मसूरी थाना क्षेत्र में नहर पटरी पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सामने से दो मोटरसाइकिल पर सवार लोग आते हुए दिखे। पुलिस ने जब इन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो वे फायरिंग करके भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो एक बदमाश को लग गई। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ। तुरंत दोनों को अस्पताल भेजा गया। घायल बदमाश को पहले गाजियाबाद के सीएचसी डासना में भर्ती कराया गया, जहां से उसको संजय नगर के संयुक्त अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने बदमाश को जिला एमएमजी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया. सीएमएस डॉक्टर मनोज कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक लुटेरे के शरीर में कई गोलियों के निशान हैं। मृतक बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू गाजियाबाद में मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लूगढ़ी का रहने वाला था। उस पर लूट के 9 मुकदमे दर्ज हैं। थाना पुलिस ने इस मामले में शनिवार देर शाम भी एक लुटेरे को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उसके पैर में गोली लगी है। आरोपी बोबिल उर्फ बलवीर से लूटा गया मोबाइल बरामद किया गया। इस बीच, कीर्ति से लूट का फुटेज सामने आया है। वीडियो में देखा जा रहा है कि करीब पांच सेकंड तक बदमाश ऑटो के साथ बाइक चलाते हुए कीर्ति से लूटपाट कर रहे हैं। एक सेकंड से भी कम समय में स्नैचिंग को अंजाम देकर भागने वाले बदमाशों से कीर्ति लोहा लेती रही। लूट में नाकाम होता देख जितेंद्र ने उसको ऑटो से खींच कर गिराया और मोबाइल लूट कर भाग गया।

**मंगलौर के विधायक ...**शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सीएम पुष्कर सिंह धाामी सहित नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेशकांग्रेस अध्क्ष करन माहरा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शोक शोक व्यक्त किया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मंगलौर विधानसभा से विधायक एवं बसपा नेता सरवत करीम अंसारी के असामयिक निधन का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सीएम ने विधायक के बेटे से फोन पर बात कर उन्हें ढांढस भी बंधाया।

**ग्रामीण खिलाड़ी करेंगे...**संबोधन में मुख्य अतिथि अरविंद पांडेय ने कहा कि ग्रामीण युवाओं में काफी खेल क्षमता है। निश्चित रूप से भविष्य में ग्रामीण खिलाड़ी खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। मुख्य वक्ता माधवेंद्र सिंह ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए अभ्युदय यूथ क्लब का गठन किया गया है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ बेहतर खेल सुविधाएं देने के लिए केंद्र व सभी प्रदेश सरकारों को कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेलों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। स्नेहपाल सिंह ने प्रतियोगिता में शामिल होने आए सभी खिलाड़ियों को आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, खिलाड़ियों तथा शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि एकल अभियान द्वारा निरंतर दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाली युवा खेल प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती रही है। उन्होंने कहा संभाग स्तर से चयनित खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली एकल अभियान खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का मौका दिया जाता है। श्री चुघ ने कहा कि एकल अभियान की आगामी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता जनवरी 2024 में नागपुर में प्रस्तावित है। जिसमें उत्तराखंड की टीमें भी प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि पूर्व में उत्तराखंड की टीमों के खिलाड़ियों ने कई पदक तथा ट्रॉफी जीत कर देवभूमि उत्तराखंड का नाम देश में गौरवान्वित किया। श्री चुघ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रतिभावान खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं। जरूरत है उन्हें आगे बढ़ाने की इसका दायित्व एकल अभियान निभा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर जीतकर आता है उसको विशेष रूप से सम्मानित किया जाता है। श्री चुघ ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने वाले सभी शिक्षकों की भी सराहना की। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ी संभाग स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बहुत कुछ सीखते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खेल एवं खिलाड़ियों को सदैव प्रोत्साहित करते रहे हैं।उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेलकूद समारोह में विभिन्न एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। समारोह का कल पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया जायेगा। इस मौके पर संजय मालवीय, प्रमोद सिंह, संजीत पटेल, अरविंद, अंकुश, कुलवीर सिंह, पूजा महर, फाल्गुनी सरकार, ममता कोरंगा, दया पांडा,मनीषा नेगी, अजीत सिंह , राज कोली, शिव कुमार शिववू आदि गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

**डिजिटल क्रांति की दौड़ ...**खड़ी हुई है ।बताना होगा कि प्रदेश के दुर्गम गांवों में 4-जी मोबाइल नेटवर्क की राह में करंट का रोड़ा अटक गया है। केंद्र सरकार के 4जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 13 जिलों में बीएसएनएल को 520 मोबाइल टावर लगाने हैं। इनमें से बीएसएनएल ने 467 टावर में बिजली कनेक्शन प्रदान किए जाने के लिए आवेदन किया है, लेकिन जिन 116 टावर तक बिजली लाइन पहुंचानी है, वहां खर्च कहीं अधिक आ रहा है। क्योंकि यूपीसीएल केवल दो लाख रुपये तक की खर्च सीमा के अंतर्गत ही विद्युत कनेक्शन दे सकता है ,इसलिए प्रस्तावित 4जी टावर तक बिजली पहुंचने में आने वाले अतिरिक्त खर्च की बजट स्वीकृत के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजना पड़ा है। लिहाजा प्रस्तावित 4जी टावर की स्थापना का कार्य फिलहाल अटक गया है और योजना में फिलवक्त 'फच्चर' फंसता दिख पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि यूपीसीएल में बीएसएनएल ने 4-जी टावर के बिजली कनेक्शन के लिए अब तक 467 आवेदन किए हैं, इनमें से केवल 44 टावरों का ही शुल्क पूरा जमा हुआ है और अब तक मात्र 20 विद्युत कनेक्शन ही जारी किए जा सके हैं। गौरतलब है कि यूपीसीएल के पास कुल 344 टावरों तक बिजली की लाइन पहुंचने के लिए आंशिक शुल्क जमा कराया गया था, लेकिन इनमें 116 टावर ऐसे हैं, जिन तक बिजली पहुंचाने के लिए लाइन बनानी होगी, जिसका खर्च दो लाख से कहीं अधिक है ।इसलिए इनमें से 86 टावर पर कनेक्शन का बजट प्रस्ताव केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को भेज दिया गया है ।इस तरह कुल 520 में से 500 टावर ऐसे हैं, जिन पर अब तक बिजली कनेक्शन नहीं लग पाया। कुल मिलाकर उत्तराखंड में 4 जी नेटवर्क का जाल बिछाए जाने की महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल खटाई में पड़ती नजर आ रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब ने निकाली खेल ज्योति यात्रा

## गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर स्टेडियम में हुई सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत नारे के साथ आज से प्रारंभ हुए उत्तराखंड सम्भाग स्तरीय खेलकूद मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में सम्पन्न हुई। खेल ज्योति यात्रा को एकल अभियान के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेन्द्र सिंह खेल ज्योति यात्रा में उत्तराखंड प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विद्यालयों से आए सैकड़ों खिलाड़ियों, शिक्षकों, खेल भारत भूषण चुघ ने कहा कि इस यात्रा एवं खेल कूद का मुख्य उद्देश्य भारत के सुदुरवर्ती गांव के अन्तिम छोर में रहने व्यक्त करते हुए आयोजित हो रहे दो दिवसीय खेलकूद पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्नेहपाल सिंह केन्द्रीय सह अग्रवाल ज्योति यात्रा संयोजक, भाष्कर दास, राकेश सिंह यातायात व्यवस्था, दिनेश कपूर, रोहताश बत्रा, दिनेश भारद्वाज, अमरनाथ जोशी, अरविन्द कन्नौजिया, कुलवीर सिंह, विनोद फोगाट,







समारोह के निमित्त गत सायं खेल ज्योति यात्रा का आयोजन गल्ला मंडी से किया गया जो मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, अग्रसेन चौक, नैनीताल मार्ग होते हुए श्री एवं एसएसपी डाक्टर मंजू नाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल ने सम्बोधित करते हुए खेल ज्योति को प्रज्वलित कर खिलाड़ी को सौंप यात्रा को रवाना किया। प्रशिक्षकों, आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों सहित भारी संख्या में गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम संयोजक वाले बालक बालिका के अन्दर खेल के प्रति जागरूक एवं अवसर प्रदान कर उनकोनिखारने का प्रयास चल रहा है।उन्होंने सभी आगन्तुकों का आभार मंत्री विहिप, कार्यक्रम सह संयोजक विनय बत्रा, सर्व व्यवस्था प्रमुख बल्देव छाबड़ा, अंजुल त्यागीकोषाध्यक्ष, शैली बंसल सम्भाग उपाध्यक्ष, कुशल झम्मन लाल शर्मा, पूजा शर्मा, फाल्गुनी सरकार, पूजा महर, अजीत सिंह, प्रमोद सिंह, संजीत पटेल, विराट आर्या, सन्नी पुन्यानी,राजेंद्र महराज आदि उपस्थित रहे।

# किरायेदार का सत्यापन न करने पर आठ भवन स्वामियों का चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में सुरक्षा के लिए सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर आठ भवन स्वामियों का दस दस हजार रुपए का कोर्ट चालान किया गया। एसएसपी द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं सुरक्षा की दृष्टिगत जनपद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।जिसके अनुपालन में थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा के नेतृत्व में उनि महेंद्र राज सिंह चौकी प्रभारी दमुवा ढुंगा मय पुलिस टीम के द्वारा दमुआ ढुंगा क्षेत्र में किरायेदार सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिक से अधिक लोगों को पुलिस सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया एवं अपने निवास स्थलों में बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 8 मकान स्वामियों के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत 10-10 हजार रुपए के कुल 80 हजार रुपये कोर्ट चालान किए गए।



पुलिस ने सभी से अपील की कि कोई भी बिना सत्यापन के अपने यहां किराए दार न रखें। सत्यापन हेतु उत्तराखण्ड पुलिस ऐप के माध्यम से भी सत्यापन कराने हेतु जागरूक किया गया। पुलिस टीम में उनि महेंद्र राज सिंह, कांस्टेबल भुवन चंद्र व बसंत कुमार शामिल थे।

# साइबर थाने के सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान

देहरादून(उद संवाददाता)। साइबर थाने में तैनात एक मुख्य आरक्षी नरेश चंद ने रुड़की में अपनी प्रेमिका के कमरे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नरेश की प्रेमिका भी आरक्षी है और वह रुड़की सीपीयू में तैनात है। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, देहरादून के प्रेम नगर निवासी नरेश चंद की वर्तमान में पुलिस साइबर थाना देहरादून में मुख्य आरक्षी पद पर तैनाती थी। बताया जा रहा है कि नरेश चंद का देहरादून निवासी रुड़की सीपीयू में तैनात महिला आरक्षी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन प्रेमिका के परिजनों ने उसकी सगाई कहीं और तय कर दी थी। जिसे लेकर वह परेशान चल रहा था और प्रेमिका पर शादी नहीं करने का दबाव बना रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार को नरेश थाने में बिना सूचना दिए लापता हो गया। उसने अपना मोबाइल भी ऑफ कर लिया। इसके बाद साइबर थाने के अधिकारियों ने उसके परिजनों से जानकारी ली, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद पुलिस ने नरेश की कॉल डिटेल और लोकेशन निकाली गई तो उसकी लोकेशन रुड़की के बीएसएम तिराहे पर मिली। जबकि सीडीआर में महिला सिपाही से लंबी बातचीत भी मिली। पुलिस अधिकारियों ने महिला सिपाही से जानकारी ली तो प्रेम प्रसंग का पता चला। इसके बाद महिला सिपाही भी आनन-फानन में रुड़की तहसील स्थित सीपीयू के कार्यालय पर पहुंची। बताया जा रहा है कि लोकेशन के आधार पर गंगनहर कोतवाली पुलिस रविवार की शाम को बीएसएम तिराहे पर पहुंची और महिला सिपाही के कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह अंदर से बंद मिला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो नरेश का शव कमरे की छत पर कुंडी से लटका था। सूचना मिलते ही एसपी देहात एसके सिंह और सीओ पल्लवी त्यागी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही मामले की जानकारी नरेश के परिजनों को दी।पुलिस के अनुसार, नरेश महिला सिपाही से कई बार रुड़की में उसके किराए के कमरे पर मिलने आता जाता रहता था। महिला सिपाही के साथ-साथ उसके पास भी कमरे की एक चाबी रहती थी। शनिवार को वह महिला सिपाही से मिलने रुड़की आया था। लेकिन वह उसे नहीं मिली और कमरे का ताला बंद मिला। बताया जा रहा है कि इसके बाद नरेश चंद ने कमरे का ताला खोलकर आत्महत्या की है।नरेश शादीशुदा था। उसका महिला आरक्षी से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था।


